# // पं0रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,(छ.ग.) //

Email:rsuexam@gmail.com

क्रमांक 1222 /परीक्षा/केन्द्रा0–निर्देश/2022 रायपुर, दिनांक 05/04/2022

## मुख्य परीक्षा–2022 परीक्षाएँ के संचालन हेतु केन्द्राध्यक्षों को निर्देश

शैक्षणिक सत्र 2022 की मुख्य परीक्षायें संशो अधिसूचना क्र.2811/संशो./परीक्षा/वार्षिक/केंद्र/2022 रायपुर,दिनांक 01/01/2022 एवं अधि.क्र.651/संशो./केन्द्र–सूची/वार्षिक/परीक्षा/2022 रायपुर,दिनांक 07/03/2022 से विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित परीक्षा केन्द्रों में **ऑनलाइन/ब्लैण्डेड मोड** में प्रारम्भ होने जा रही है। परीक्षा कार्यक्रम पृथक से प्रेषित की गई है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र परीक्षा की विश्वसनीयता को बनाए रखते हुए परीक्षा केन्द्र में निर्विघ्न रूप से परीक्षा संचालित किए जाने हेतु निम्नानुसार निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

**टीप** :–वि0वि0 समन्वय समिति की छब्बीसवी बैठक दिनांक 13/09/2018 में प्रस्ताव क्रमांक 04 में Ordinance no. 5 Conduct of Examinations (APPENDIX: Remuneration for Examination Work) का अनुमोदन किया गया है, उसके अनुसारः–

**1– केन्द्राध्यक्ष –**

**केन्द्राध्यक्ष**

महाविद्यालय के प्राचार्य पदेन वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष होगा। वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष को प्रत्येक परीक्षा के लिये रूपये 300/– (रूपये तीन सौ मात्र) की दर से पारिश्रमिक देय होगा। वि.वि. अध्यादेश–5 की कंडिका 3 के अनुसार प्राचार्य को केन्द्राध्यक्ष का दायित्व निर्वहन करना होगा।

**सहायक केन्द्राध्यक्ष**

सहायक केन्द्राध्यक्ष की नियुक्ति केन्द्राध्यक्ष करेंगे। इन्हें एक दिन में कार्य करने के रूपये 150/– (रूपये एक सौ पचास मात्र) पारिश्रमिक देय होगा।

**वितरणकर्ता/संग्रहणकर्ता/वीक्षक**

वितरणकर्ता/संग्रहणकर्ता/वीक्षक की नियुक्ति केन्द्राध्यक्ष द्वारा की जाएगी। जिसे पूरा परीक्षा सत्र के दौरान प्रत्येक कार्य दिवस एक दिन में कार्य करने के लिए रूपये 120/– (रूपये एक सौ बीस मात्र) पारिश्रमिक देय होगा।

**2– परीक्षा केन्द्र व्यय :–** परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों की संख्या एवं पूर्व वर्ष के केंद्र व्यय को ध्यान में रखते हुए अप्रैल के प्रथम सप्ताह में प्राचार्य को केंद्र अग्रिम की प्रथम किस्त राशि स्वीकृत की जाएगी। केंद्र अग्रिम की शेष राशि स्वीकृत करने हेतु प्राचार्य परीक्षा प्रारंभ होने के बाद वित्त अधिकारी को प्रस्ताव भेजेंगे। प्रस्ताव में यह भी स्पष्ट करेंगे कि केंद्र में कुल वास्तविक व्यय कितना आएगा। परीक्षा समाप्ति के पश्चात् प्राप्त परीक्षा केन्द्र अग्रिम का व्यय लेखा वित्त विभाग को प्रस्तुत करना होगा। संबंधित महाविद्यालयों को परीक्षा व्ययों से संबंधित सभी देयकों/प्रमाणकों को समायोजन हेतु अंकेक्षण के लिए संलग्न कर वित्त विभाग को भेजने होंगे।

**वार्षिक परीक्षा 2022 – परीक्षा केन्द्र व्यय अग्रिम हेतु निम्नानुसार प्रस्ताव भेजा जावे :–**

1. वार्षिक परीक्षा 2022 में सम्मिलित होने वाले छात्रों की कुल संख्या :– रू. – – – – –
2. परीक्षा कार्य में संलग्न तृतीय श्रेणी कर्मचारियों का पारिश्रमिक रू. 6.00 प्रति छात्र की दर से :– रू. – – – – – –
3. परीक्षा कार्य में संलग्न चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का पारिश्रमिक रू. 4.00 प्रति छात्र की दर से :– रू. – – – – – –
4. प्रायोगिक कार्य में संलग्न कर्मचारियों को पारिश्रमिक रू. 6.00 प्रति छात्र की दर से :– रू. – – – – – (न्यूनतम रू. 50/–)
5. परीक्षा तिथिवार ऑनलाइन/ब्लैंडेड मोड से परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों की संख्या के आधार पर क्रमशः केन्द्र अधीक्षक, सहायक केन्द्र अधीक्षक/वितरणकर्ता/संग्रहणकर्ता/वीक्षक के पारिश्रमिक पर होने वाले व्यय राशिःरू. – –
6. परीक्षा कार्य के लिए देय व्यय राशि रू. 6/– प्रति छात्र की दर से (न्यूनतम रू. 1500/–) :– रू. – – – – – –
7. यात्रा–व्यय आवश्यकतानुसार :– रू. – – – – – –



05.04.2022

टीप :–

(1) किसी भी परिस्थिति मे वाटर मैन, अस्थायी मूत्रालय निर्माण, किराए के फर्नीचर जैसे तमाम व्यय विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए केन्द्र अग्रिम से स्वीकार्य नहीं होगा ।

(2) विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए केन्द्र अग्रिम से निम्न मदों पर ही व्यय अंकेक्षण स्वीकार करता है :–

1. प्रायोगिक परीक्षा हेतु आने वाले बाहय परीक्षकों का यात्रा देयक
2. वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षक का पारिश्रमिक
3. केन्द्र अधीक्षक ,,
4. सहायक केन्द्र अधीक्षक
5. वितरणकर्ता / संग्रहणकर्ता / वीक्षक ,, ,,
6. तृतीय वर्ग कर्मचारी का ,,
7. चतुर्थ वर्ग कर्मचारी ,,
8. स्टेशनरी व्यय : रूपये 6/– प्रति छात्र की दर से

(3) पूर्व वर्षो की परीक्षाओं के अग्रिम से क्रय की गयी स्थायी सामग्रियों का उपयोग प्रत्येक विश्वविद्यालयीन परीक्षा के लिए किया जाना चाहिए । अनावश्यक रूप से बढ़–चढ़कर परीक्षा अग्रिम से **न तो** स्टेशनरी, **न ही** अन्य असंगत, सामग्री का क्रय स्वीकार्य होगा।

(4) कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 04/06/2011 में लिये गये निर्णयानुसार छात्रों से लिए गए अग्रेषण शुल्क का वितरण एवं परीक्षा कार्य में संलग्न तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों का पारिश्रमिक निम्नानुसार सत्र 2022 की परीक्षा में वितरित होगा।

**प्रायोगिक कार्य हेतु–**

| | | |
|---|---|---|
| 01 | परीक्षा कार्य में संलग्न तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कुल सम्मिलित छात्र संख्या पर) | 06=00 प्रति छात्र |
| 02 | परीक्षा कार्य में संलग्न चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (कुल सम्मिलित छात्र संख्या पर) | 04=00 प्रति छात्र |
| 03 | प्रायोगिक कार्य में संलग्न साम्रगी (कुल सम्मिलित छात्र संख्या पर) | UG- 02=00 प्रति छात्र<br>PG- 04=00 प्रति छात्र<br>(न्यूनतम 50 रूपये) |

**टीप :–** प्रायोगिक कार्य हेतु आवश्यक सामाग्री (विषयानुसार) U.G.-2, P.G.-4, (प्रति छात्र) (इस हेतु प्राचार्य द्वारा जारी कार्यालयीन रसीद मान्य होगी)

## 3– परीक्षार्थियों को लेखक की सुविधा

परीक्षा के दौरान यदि कोई परीक्षार्थी लिखने में असमर्थ हो तो शैक्षणिक प्रमाण–पत्र के आधार पर **वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष** अध्यादेश–5 की कंडिका 6 में उल्लिखित प्रावधानों एवं समय–समय पर प्रसारित अन्य प्रावधानों के अनुसार परीक्षार्थी को **लेखक अनुमति** दे सकेंगे तथा इसकी सूचना विश्वविद्यालय को देंगे। नेत्रहीनों को लेखक अनुमति के साथ–साथ परीक्षा अवधि में एक घंटे का अधिक समय दिया जाएगा।

## 4– परीक्षा केन्द्र में पुलिस व्यवस्था

परीक्षा केन्द्र सूची तथा परीक्षा कार्यक्रम संलग्न करते हुए विश्वविद्यालय की ओर से जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाने हेतु पत्र भेजा जा रहा है, तथापि अपने निकटस्थ आरक्षी केन्द्र परीक्षार्थी संख्या संबंधी जानकारी की प्रति संलग्न करते हुए अपनी ओर से परीक्षायें प्रारंभ होने के एक सप्ताह पूर्व से अनुरोध पत्र भेज दें।

## 5– अनुपस्थित छात्रों की सूचना देना

परीक्षावार / प्रश्नपत्रवार अनुपस्थित छात्रों के अनुक्रमांक एक पंजी पर संधारित किया जावे। अनुपस्थित छात्रों की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में Students details (O.M.R.) Sheet के साथ अलग लिफाफे में रखे।

**विशेष निर्देश :–** परीक्षा समाप्ति के पश्चात् परीक्षावार, तिथिवार, विषयवार, प्रश्नपत्रवार, अनुपस्थित परीक्षार्थियों की अनुक्रमांक सहित जानकारी पृथक–पृथक सीडी में तैयार कर उ0कु0स0 / सहायक कुलसचिव (गोपनीय) को अनिवार्य रूप से भेजें।

05.04.2022

6— **उत्तर पुस्तिकाओं के प्रत्येक बंडल के अंदर निम्नलिखित जानकारी अवश्य रखें :—**

1. अनुपस्थित परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक। इसकी एक प्रति उपकुलसचिव (गोपनीय) को अवश्य भेजें।
2. संबंधित प्रश्न—पत्र की एक प्रति।
3. एम.ए.पूर्व एवं अंतिम के संस्कृत भाषा के परीक्षार्थियों को परीक्षा का उत्तर संस्कृत भाषा में देना अनिवार्य है।

7— **उत्तर पुस्तिकाएँ वि.वि./संग्रहण केंद्रों में जमा कराने हेतु :—**गोपनीय विभाग से यथासमय निर्देश प्रसारित किए जाएंगें।

8— **परीक्षा संबंधी सूचना भेजना :—**

परीक्षा केन्द्र में परीक्षायें सुचारू रूप से संपन्न हो रही है, इस संबंध में समय—समय पर विश्वविद्यालय को अवगत कराते रहेंगे। यदि किसी प्रकार की असुविधा अनुभव करें तो अपने सुझाव के साथ यथासमय विश्वविद्यालय को अवगत करायें।

9— विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट www.prsu.ac.in में वि0वि0 द्वारा परीक्षा से संबंधित प्रायः सभी जानकारी, अधिसूचना, संशोधन, समय सारणी इत्यादि अपलोड कर दी जाती है, जिसे अवलोकन करते रहें।

10— प्राचार्यो/ केन्द्राध्यक्षों को सलाह है कि वे विश्वविद्यालय द्वारा समय—समय पर प्रेषित की गई ईमेल का भी अवलोकन किया करें।

**विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण दूरभाष, मो.नं., ई—मेल एड्रेस की जानकारी निम्नानुसार है :—**

| क्र. | अधिकारी का नाम | पदनाम | विभाग | दुरभाष कमांक | | ई—मेल एड्रेस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कार्यलय 0771— | निवास 0771— एवं मो.नं.— | |
| 01. | प्रो. के.एल.वर्मा | कुलपति | कुलपति—कार्यलय | 2262857 | ................,............ मो. 9827114146 | vc_raipur@prsu.org.in |
| 02. | प्रो.गिरीश कांत पाण्डेय | कुलसचिव | कुलसचिव—कार्यलय | 2262540 | मो. 9329100238 | registrarprsu@gmail.com |
| 03. | डॉ. शैलेन्द्र कुमार पटेल | उपकुलसचिव | परीक्षा/सा.प्रशा. | 2262587, | मो. 98265—15512 | spskpatal@mail.com, |
| 04. | श्री बी.पी.भँवर | प्रभारी अधिकारी | परीक्षा | 2262209 | मो. 8871897825 | rsuexam. @gmail.com |
| 05. | डॉ. एस.के. जाधव | प्रभारी (गोपनीय) | गोपनीय | 2262825 | मो. 98271—14218 | jadhav9862@gmail.com |
| 06 | श्री के.एस.कश्यप | सहायक कुलसचिव | गोपनीय | 2262825 | मो. 94255—67521 | arprsu@gmail.com |
| 07. | श्री सुनीत उपाध्याय | प्रभारी | वि.वि.मुद्रणालय | — | मो. 98271—57320 | — |
| 08. | श्री राजीव चौधरी | अधिष्ठाता | छात्र कल्याण | 2262619 | मो. 9616557777 | pro_ptrsuraipur@yahoo.in |

टीप — **उपरोक्त निर्देश सेमेस्टर परीक्षाएं/पूरक परीक्षाएं के लिए भी यथावत् लागू होंगे।**

आदेशानुसार,

5.4.22

**कुलसचिव**

पृ0क्र0 1223/परीक्षा/ केन्द्रा0—निर्देश /2022 रायपुर दिनांक 05/04/2022

**प्रतिलिपि :—**

1. प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष,समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
2. केन्द्राध्यक्ष, विश्वविद्यालय अध्ययनशाला/ केन्द्रीय जेल, (उपकेन्द्र) रायपुर,
3. उपकुलसचिव, विकास/ सामान्य प्रशासन/वि0क0अ0, अकादमिक/प्रभारी नामांकन,
4. सहायक कुलसचिव गोपनीय/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण/संचालक,महाविद्यालयीन विकास परिषद,
5. वित्त नियंत्रक / समायोजन प्रकोष्ठ / आवासीय अंकेक्षण,
6. प्रभारी वि0वि0 मुद्रणालय/ जनसंपर्क अधिकारी,
7. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक,पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित् ।

**प्रभारी अधिकारी (परीक्षा)**

05.04.2022